e-paper : www.dailynewsactivist.com लखनऊ, सोमवार, 19 अगस्त 2019, भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष चतुर्थी, संवत् 2075 विक्रमी वर्ष-12, अंक-302, पृष्ठ-12, मूल्य- ₹ 2.00, नगर संस्करण

DNA डेली न्यूज़ ऐक्टिविस्ट

शब्द शब्द संघर्ष

RNI NO.: UPHIN/2007/41982 संस्करण : लखनऊ राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक website : www.dnahindi.com डाक पंजीयन : एसएसपी/एल.डब्लू./एन.पी.-358/2016-18



# बीबीडी में तकनीकी शब्दावली पर व्याख्यान

**लखनऊ।** बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप लखनऊ कैम्पस भारत में तकनीकी शिक्षा पर भारतीय भाषा में तकनीकी शब्दावली का महत्व विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। दो दिवसीय कार्यशाला वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय उच्च शिक्षा विभाग भारत सरकार की ओर से कराई गई। जहां राजधानी समेत देश के कई विशेषज्ञों ने अपनी राय रखी। इंट्रीग्रल विश्वविद्यालय के अग्रेजी विभाग के प्रो. एसजेडएच आब्दी ने शुरुआत की। उन्होंने क्षेत्रीय भाषा के संदर्भ में शब्दावली के सही उपयोग पर ध्यान केन्द्रित किया। प्रभावशाली दृष्टिकोण यथा इंडियन रामू कैन बिकम ग्लोबल ब्वाय से प्रेरित किया। निदेशक प्रो. भावेश कुमार चौहान, प्रो. उषा सिन्हा, एकेटीयू के डॉ. विनीत कंसल समेत अन्य ने अपने विचार रखे।